अमर उजाला 17/03/2024

मैत्रीपूर्ण बैडमिंटन में डॉ. मीनू प्रथम

अंबाला। छावनी के गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में सभी शिक्षक महिला प्राध्यापकों के बीच मैत्रीपूर्ण बैडमिंटन मैच का आयोजन किया। इसका आयोजन प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने बताया कि इस मैत्रीपूर्ण बैडमिंटन मैच के आयोजन का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों में मित्रता को बढ़ावा देना, उनमें आत्मविश्वास को बढ़ाना और टीमवर्क को बढ़ावा देना है। कॉलेज के स्पोर्ट्स विभागाध्यक्ष प्रो. बृजेश गुप्ता ने बताया कि इस मैच में कॉलेज के विभिन्न विभागों की सभी महिला स्टाफ सदस्यों ने एक साथ मिलकर बैडमिंटन मैच खेलने का अवसर प्राप्त किया। स्पोर्ट्स विभाग की प्राध्यापिका रूपाली ने बताया कि इस बैडमिंटन मैच में डॉ. मीनू राठी प्रथम, शिखा जग्गी द्वितीय, डॉ. रितु गुप्ता तृतीय रही। संवाद